# डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, वीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | आश्विन शुक्ल पक्ष 06-2083 | भोपाल, दिन शुक्रवार, दिनांक 16 अक्टूबर 2026


**न्यूज गैलरी**

### जाटखेड़ी समेत 66 इलाकों में आज गुल रहेगी बिजली

भोपाल। राजधानी के लगभग 66 इलाकों में शुक्रवार को 30 मिनट से 6 घंटे तक बिजली कटौती होगी। इन इलाकों में बिजली उपभोग मेंटेनेंस करेगी। शुक्रवार को सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक गालवीय नगर, एमएलए रेस्ट हाउस एवं आसपास। सुबह 10 से 11 बजे तक आकृति ईको सिटी, 11 मील सिलहरा, नंदी सीहारा, गुंज नगर, सहारा कॉलोनी, रामाकृष्ण रेसीडेंसी, बैरोपुर एवं आसपास के इलाके। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक प्रगति परिसर, डिवी सीहारा, शांतनी नगर, जीवन विहार, अन्नपूर्णा कॉम्प्लेक्स, इनकम टैक्स कॉलोनी, गीतांजलि, सांत्वना गांधी परिसर, देवकी इंजीनियरिंग बोर्ड कॉलोनी, शिवलोक फेज-5, कस्तूरी हेरिटेज, दीप नगर, कोमल ग्रीन वैली, नक्षत्र इनक्लेव एवं आसपास। सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक सुहानपुर, कैम्पकलां, सुभाष4 सुहाना, शिवलिंग कॉलोनी, गुरुद्वारे वाला, नयापुरा सलका, नरेला तनुमेल, ओरिट्रेया कॉलोनी, सेज ग्रीन, सुमित्रा परिसर, सोम्या एवर ग्रीन, सिंग ग्रीनलैंड प्रापिटल, सिग्नेचर ग्रीन एवं आसपास। सुबह 10 से शाम 4 बजे तक ओल्ड सिनाहा, छापलपुरी दुर्गम विहार, जेके रोड, मिनाल, गीत वर्ल्स, आदित्य परिसर, नैतारिनी, छत्रपाल, राज राजाट कॉलोनी एवं आसपास। सुबह 11 से 11.30 बजे तक इंदौरिया, मक्सी, पागलो, मेकर रेसीडेंसिया, अमलाहरा गोरब। सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक जोटखेड़ी, 16 एकड़, भवानी नगर एवं आसपास। दोपहर 2:30 से शाम 5 बजे तक अमलाहरा कॉलोनी, परमपूत कॉलोनी, छत्रपति कॉलोनी, सुपेड़ स्टेट, दीपक लोलाडी, सुपेड़ गार्डन, क्लिार पुल एवं आसपास के इलाकों में बिजली की सप्लाई प्रभावित रहेगी।

### भाई की पत्नी के साथ बलात्कार के आरोपी जेठ को 10 साल की सजा

**चोपाल।** राजधानी की एक अदालत ने बदू के राव बलात्कार के मामले के आरोपी शाकिब शाह पुत्र मकबूल शाह 30 साल दान निपान्थ सोनाय राजगढ़ गया को दोषी ठहराते हुए दस साल के कठोर कारावास और 4 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। सरकारी वकील राकेश सिंह ने बताया कि फरियादिया ने 1 जून 2020 को राजधानी के कोलार रोड के थाना कोलार रोड भोपाल में शिकायत की थी कि उसका विवाह गरीडेगढ़ राजगढ़ में हुआ था। उसके टूक इण्डवर पति अक्सर घर से बाहर रहते थे। पति से बाहर रहने के कारण उसका जेठ अक्सर बात करने की कोशिश करता था।

## जबलपुर-इंदौर औद्योगिक कॉरिडोर के लिए बनेगी विशेष कंपनी, सरकार देगी 100 करोड़ रुपये

# मार्च 2028 तक एक लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश जुटाने का लक्ष्य, पहले चरण में 10 हजार एकड़ में विकसित होंगे 3 से 5 औद्योगिक हब

**डीआर संवाददाता॥ भोपाल।**

मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने और आर्थिक गतिविधियों का विस्तार करने के लिए राज्य सरकार जबलपुर-इंदौर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट कंपनी का गठन करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कैबिनेट बैठक में कंपनी के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री ने 30 दिन के भीतर कंपनी के गठन की बात कही है। कंपनी का पूर्ण स्वामित्व और नियंत्रण प्रदेश सरकार के पास रहेगा। इसके शुरुआती वित्तीय आवार के लिए सरकार 100 करोड़ रुपये की प्रारंभिक पूंजी उपलब्ध कराएगी।



### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बनेगी गवर्निंग काउंसिल

कंपनी के नीतिगत निर्णयों और प्रगति की समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय सामान्य निकाय यानी गवर्निंग काउंसिल गठित की जाएगी। मुख्यमंत्री द्वारा नामित एवं नियुक्त उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में कार्यपालक निकाय कंपनी के कामकाज का संचालन करेगा। कंपनी को मध्यप्रदेश निवेश क्षेत्र विकास एजेंसी के रूप में अधिकृत किया जाएगा। प्रस्तावित कानूनी प्रावधानों के अनुसार इंडस्ट्रियल हब के लिए इसे नोडल एजेंसी की जिम्मेदारी भी दी जाएगी।

### तीन से पांच औद्योगिक हब होंगे विकसित

कैबिनेट ने दिए गए प्रेजेंटेशन के अनुसार, जबलपुर, भोपाल और इंदौर को जोड़ने वाले कॉरिडोर में पहले चरण में 10 हजार एकड़ क्षेत्र में तीन से पांच उच्चतीय औद्योगिक हब विकसित किए जाएंगे। सरकार ने मार्च 2028 तक एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित करने का लक्ष्य रखा है। प्रस्तावित परियोजनाओं से एक लाख प्रत्यक्ष और दो लाख से अधिक अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की संभावना जताई गई है।

### भूमि विकास से लेकर औद्योगिक पार्क तक जिम्मेदारी

विशेष कंपनी को भूमि की पहचान, प्रबंधन, भू-रूपांतरण, विकास, जोनिंग मास्टर प्लानिंग, ले-आउट तैयार करने और सुविधा आवंटन जैसी जिम्मेदारियां दी जाएंगी। इसके साथ सीज, सब-सीज, भूमि के आर्थिक उपयोग तथा बुनियादी और सामाजिक अवसंरचना के विकास से जुड़े कार्य भी कंपनी के दायरे में होंगे। कंपनी को राज्य या केंद्र सरकार के विभागों, स्थानीय निकायों, औद्योगिक पार्क, पूल पार्क, हब, प्रसंस्करण पार्क, लॉजिस्टिक्स पार्क, इंडस्ट्रियल एवं आईटी पार्क और स्पेशल कैपेबिलिटी सेंटर विकसित किए जाएंगे। आवासीय सुविधाएं तथा सामाजिक बुनियादी ढांचे सहित पूरी परियोजनाएं भी प्रस्तावित हैं।

### कई विभागों के बीच होगा समन्वय

परियोजनाओं को लागू करने के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी), इंजीनियरिंग-प्रोक्योरमेंट-कंस्ट्रक्शन (ईपीसी), सीज, सब्जेक्ट अधिकार और विकास समझौते जैसे मॉडल अपनाए जा सकेंगे। औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग को उद्योग, राजस्व, नगरीय विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वन, जल संसाधन, लोक निर्माण, ऊर्जा और विधि विभाग सहित संबंधित विभागों से समन्वय कर आवश्यक अधिसूचनाएं एवं शासनादेश जारी कराने के लिए अधिकृत किया गया है।

## कोसमी मामले में दिग्विजय सिंह का शिवराज पर निशाना, निष्पक्ष जांच की मांग

**डीआर संवाददाता॥ भोपाल**

रीवा संभाग जिले के घुरानी क्षेत्र के कोसमी में बनभूमि पर रह रहे आदिवासी परिवारों के मकान और फसल हटाए जाने के मामले ने पूरी मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर निशाना साधा है। गुरुवार को मीडिया से चर्चा में उन्होंने आरोप लगाया कि शिवराज सिंह के कार्यकाल में जंगल कटवाकर आदिवासियों को बसने बिजाए गए और अब ये अपनी ही सरकार की कार्रवाई पर मगरमच्छी आंसू बहा रहे हैं। दिग्विजय सिंह ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

उन्होंने कहा कि वनभूमि पर अतिक्रमण से जुड़े मामले की जांच होनी चाहिए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि आदिवासी परिवार वहां कैसे बसे और उनके मकान व फसल हटाने की कार्रवाई किन पर्यावेशीयों में की गई। उनके बयान के बाद कोसमी का मामला राजनीतिक रूप से गरमा गया है।

### कांग्रेस ने शुरू किया घर वापसी अभियान

कार्यकारेश कांग्रेस ने घरी क्षेत्र में पूर्व नेताओं और कार्यकर्ताओं को दोबारा जोड़ने के लिए घर वापसी अभियान शुरू किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बताया कि घरी से लौटने के लिए 600 से अधिक आवेदन मिले हैं। इनमें 200 से ज्यादा पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री, सर्पंच और पूर्व जिला अध्यक्ष तक अन्य पदाधिकारी शामिल हैं।

इस दौरान जीतू पटवारी और विधायक आदिल खान ने भील समुदाय के कई हरेश्वर पदाधिकारियों को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई।

### इंदौर में जमीन के उपयोग पर सवाल

कांग्रेस कार्यालय के पीछिए जिला अध्यक्ष सुरेश नायक ने इंदौर में एक निजी प्रस्ताव से पूरी जमीन के उपयोग को बेहद अनैतिक बताया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2007 की इंदौरदर्ज लीमिट में रोहिणा इन्फ्रास्ट्रक्चर ने स्पोर्ट्स क्लब के पोजीशी में 490 करोड़ रुपये के निवेश और 1200 रोजगार देने के वादे के साथ इन्फ्रोमेशन किया था लाखाड़ के आरोप के मुताबिक, लाखोटिया बिल्डर्स को नियमों के विरुद्ध करीब 2.5 एकड़ जमीन पर होटल और व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स विकसित कर बेची गई। उन्होंने इस मामले की जांच कराने की मांग उठाई है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राजनीतिक दबाव के कारण अब तक प्रशासन इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है।

## 10 से अधिक जिलों में प्रदर्शन, किसानों को रबी सीजन में 10 घंटे बिजली देने के निर्देश

# मध्यप्रदेश में बिजली कटौती से बढ़ी परेशानी, मंत्री-विधायक भी सक्रिय

**डीआर संवाददाता॥ भोपाल।**

मध्यप्रदेश में अघोषित बिजली कटौती का मुद्दा अब गांवों से निकलकर राजनीतिक गलियारों तक पहुंच गया है। मंदसौर, राजगढ़, सीहोर, बड़वानी, धार, झाबुआ, खंडवा, अलीराजपुर, नर्मदापुरम और पुरुषनपुर सहित 10 से अधिक जिलों में पिछले एक सप्ताह के दौरान किसानों, व्यापारियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किए। कहीं बिजली बिलों का बेतल हुआ, तो कहीं ब्यवस्थापन पर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे गए।



सामीणों का कहना है कि रात में बिजली नहीं मिलने से परेशानी हो रही है, जबकि किसानों ने सिंचाई प्रभावित होने की शिकायत की है। बिजली कटौती को लेकर भाजपा के कुछ विधायक भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और अधिकारियों को पत्र लिखकर समस्या के समाधान की मांग कर चुके हैं।

### कैबिनेट बैठक में भी उठा मुद्दा

बिजली कटौती का मामला कैबिनेट बैठक में भी उठा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी बैठक तक समाधान निकालने का आश्वासन दिया। वहीं, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अधिकारियों को सभी सीजन में किसानों को अघोषित 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

## पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर पॉलिटेक्निक कर्मचारी से 1.80 लाख की ठगी

**डीआर संवाददाता॥ भोपाल।**

पार्ट टाइम जॉब के जरिए अच्छी कमाई का लालच देकर राजधानी के एक पॉलिटेक्निक कॉलेज के कर्मचारी से 1.80 लाख रुपये की ठगी कर ली। मामले में राजेंद्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, पलाशी नगर निवासी दिनेश कुशवाह (40) शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में कार्यरत हैं। जनवरी 2026 में उनके फोन पर अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को पार्ट टाइम जॉब से अच्छी कमाई होने का लालच दिया। शुरुआत में विनोद ने काम करने से इनकार कर दिया, लेकिन आगले दिन दोबारा फोन आने पर उन्होंने खाली समय में काम करने के बारे में विचार किया।

आरोपी ने बताया कि कंपनी के प्रचार के लिए ऑनलाइन रेटिंग देनी होगी और इसके बदले पुनलाभ दिया जाएगा। इसके बाद विनोद ने काम शुरू कर दिया। इसी दौरान व्हाट्सएप्प ने उनसे बैंक खाते से संबंधित जानकारी मांगिल कर ली और अलग-अलग लेनदेन के माध्यम से खाते से 1.80 लाख रुपये निकाल लिए।

खाते से रकम निकलने का पता चलने पर विनोद ने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। जांच के बाद गामला शाहपुरा थाने पहुंचा। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश और गामले की जांच शुरू कर दी है।

## धरेंद्र शास्त्री ने उठाई मध्यप्रदेश में शराबबंदी की मांग

**डीआर संवाददाता॥ छतरपुर**

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने मध्यप्रदेश में शराबबंदी की मांग उठाई है। सनातन हिंदू एकता यात्रा के समापन से पहले उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से फोन पर बात कर यह मांग रखी। उन्होंने कहा कि मंदिर के पास शराब की दुकानें बंद कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि मंदिर के पास शराब की दुकान होने से श्रद्धालुओं को असुविधा होती है।



धीरेंद्र शास्त्री ने यह संकेत भी दिया कि उनकी अगली यात्रा नशे के खिलाफ जनजागरूकता अभियान के उद्देश्य से निकाली जाएगी। इस अभियान के माध्यम से लोगों को नशे से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करने और समाज में शराबमुक्त माहौल बनाने का प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने इस पोस्ट के बाद प्रदेश में कट्टरवादी और आतंकवादी ताकतों को लेकर चर्चा तेज होने की संभावना है।

## 4जी और उससे उन्नत नेटवर्क पर मिलेगी सुविधा, अलग से ऐप डाउनलोड करने की जरूरत नहीं

**डीआर संवाददाता॥ नई दिल्ली।**

नेपाल के दूरसंचार ऑपरेटरों के लिए 1 नवंबर 2026 से कॉलिंग गेन इंटरऑपरेटिबिलिटी (सीएलजीपी) सुविधा शुरू करने की तैयारी है। इसके तहत अलग-अलग नंबर से कॉल जाने पर भी नेटवर्क स्क्रीन पर कॉलर का नाम दिखाई देगा। हेड सरकार ने दूरसंचार उपनिदेशों को इस सुविधा शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

हुलचल में यह 4जी और उससे उन्नत नेटवर्क पर उपलब्ध होगी।

इस सुविधा का उद्देश्य अनजान कॉल करने वालों की पहचान आसान बनाना है। इससे उपभोक्ताओं की डर्ड घटी कॉलर पहचान ऐप पर निर्भरता कम हो सकती है। हालांकि, सभी पर नाम दिखाई देने का स्तलब रहा नहीं होगा कि कॉल पूरी तरह सुरक्षित है।

### कैसे काम करेगी सुविधा?

नंबर बैंक नहीं होने पर भी डिवेगा नाम दूरसंचार कंपनी के रिकॉर्ड से पर्दा नाम कॉल के दौरान स्क्रीन पर दिखाई देगा। इसके लिए नंबर को गोबाइल में रोप अलग पकली नहीं होगा। ऐप आजमाने वाले दो जरूरत महीना यह सुविधा टेलीकॉम नेटवर्क के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। उपभोक्ताओं को अलग से कोई ऐप डाउनलोड नहीं करना होगा।

विदेशी कॉल पर क्या दिखेगा? विदेश से आने वाली कॉल पर कॉल करने वाले का नाम दिखाने के बजाय स्क्रीन पर 'अंतरराष्ट्रीयकरण कॉल' लिखा दिखाई देगा।

नाम गलत दिखने पर क्या करें? यदि कॉल के दौरान स्क्रीन पर गलत नाम दिखाई देता है, तो उपभोक्ता संबंधित दूरसंचार कंपनी में शिकायत दर्ज कर सकेंगे। कुछ उपभोक्ताओं को नहीं दिखेगा नाम

**एसएसआर** मध्यप्रदेश समेत 17 राज्यों में मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण, जनवरी से प्रक्रिया

## 12 नवंबर को प्रारंभिक सूची होगी प्रकाशित, 4 जनवरी 2027 तक जारी होगी अंतिम मतदाता सूची

**डीआर संवाददाता॥ नई दिल्ली।**

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जारी विवाद के बीच निर्वाचन आयोग ने मध्यप्रदेश सहित 17 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) करने की घोषणा की है। इसका उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक शुद्ध बनाना और सूची में पहली बार शामिल करने वाले पात्र नागरिकों के नाम जोड़ना है। आयोग ने इसके लिए 1 जनवरी 2027 को मुख्य अर्हता तिथि निर्धारित की है।

आयोग की ओर से संबंधित राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को भेजे गए निर्देशों के अनुसार, जहां आगामी वर्ष विधानसभा चुनाव होने हैं, वहां ग्यारहवीं सूची को अलग करने की प्रक्रिया महत्वपूर्ण होगी। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर और गोवा में 2027 में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं।



### मतदान केंद्रों की भी होगी समीक्षा

निर्वाचन आयोग ने मतदान केंद्रों की संख्या और उनके स्थान की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। सामान्य तौर पर एक मतदान केंद्र पर 1,200 से अधिक मतदाता नहीं होने चाहिए। जरूरत के अनुसार नए मतदान केंद्र बनाए जा सकते हैं। साथ ही यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है कि मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए दो किलोमीटर से अधिक दूरी तय न करनी पड़े।

### जनवरी में जारी होगी अंतिम सूची

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, एकीकृत फोटोयुक्त प्रारंभिक मतदाता सूची 12 नवंबर को प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद 11 दिसंबर तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, नाम हटाने और विवरण में सुधार के लिए आवेदन और दावे-आपत्तियां दर्ज कराई जा सकेंगी। इसके निपटारण के बाद 4 जनवरी 2027 तक अंतिम मतदाता सूची जारी करने का कार्यक्रम है।

### नए मतदाताओं को अग्रिम आवेदन की सुविधा

आयोग ने 2027 में 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं के लिए अग्रिम आवेदन की सुविधा देने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्य अर्हता तिथि से असत्या अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर की पहली तारीख को पात्र होने वाले युवा भी पहले से आवेदन कर सकेंगे। तीन राज्यों में एसआईआर की प्रक्रिया जारी है या हाल ही में पूरी हुई है, वहां एनएसआर का दिसूत कार्यक्रम बाद में घोषित किया जाएगा।

## जन विश्वास अभियान के तहत आज मुरैना आएंगे मुख्यमंत्री मोहन यादव

**डीआर संवाददाता॥ मुरैना।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 16 अक्टूबर को जन विश्वास अभियान-2026 के उदय मुरैना जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे जिला दिव्यांगजन पुनर्वास केंद्र और शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण करेंगे। स्कूल में विद्यार्थियों से संवाद कर शैक्षणिक व्यवस्थाओं और सुविधाओं की जानकारी लेंगे। इसी अलावा मुख्यमंत्री कलेक्ट्रेट में उदान संवाद, जिला सलाहकार समिति की बैठक, सडसी संवाद और सीएम समाधान कार्यक्रम में शामिल होंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री सुबह 11 बजे भोपाल से स्पेशल चैनर से विमान द्वारा ग्वालियर पहुंचेंगे। वहां से सुबह 11.55 बजे हेलीकॉप्टर से मुरैना के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 12.15 बजे उनका मुरैना हेलीपैड पहुंचने का कार्यक्रम है।

### दिव्यांग केंद्र और स्कूल का करेंगे निरीक्षण

मुख्यमंत्री दोपहर 12.25 बजे जिला दिव्यांगजन पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद दोपहर 12.55 बजे शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचेंगे। यहां वे विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे और विद्यार्थियों से बातचीत करेंगे। दौरे के दौरान शैक्षणिक सुविधाओं तथा दिव्यांगजनों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की स्थिति पर भी ध्यान रहेगा।



### कलेक्ट्रेट में उदय संवाद और बैठक

मुख्यमंत्री दोपहर 1.30 बजे कलेक्ट्रेट में आयोजित उदय संवाद में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 2.20 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सलाहकार समिति की बैठक लेंगे। दोपहर 3 बजे एसडीपी कंस्ट्रे में पहली स्थाय कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद दोपहर 3.25 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जीरम सलाहार कार्यक्रम में शामिल होने आगा को संबोधित करेंगे। पार्लियामेंटरी कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री शाम 4.15 बजे गोविंद ड्रीमिन जरेंगे।

# डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर आश्विन शुक्ल पक्ष 06-2083 सीहोर, दिन शुक्रवार, दिनांक 16 अक्टूबर 2026


**न्यूज गैलरी**

### विद्युत समस्याओं का निवारण शिविर 23 को

**सीहोर।** मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सीहोर वृत्त द्वारा उपभोक्ता सेवा में उत्थान के उद्देश्य से संपर्क अभियान शोभना लागू की गई। जिसके तहत 18 अक्टूबर को उपभोक्ताओं की समस्याओं के निराकरण के लिए संपर्क अभियान चलाया जाएगा। इसी अभियान के तहत 23 अक्टूबर को आष्टा संभाग के अंतर्गत जावर में विद्युत समस्या निवारण शिविर लगाए जाएंगे।

### रबी फसलों के बीज का पर्याप्त रख्खारण

**सीहोर।** किसानों को आगामी रबी मौसम के लिए गुणवत्तापूर्ण बीज का पर्याप्त रख्खारण उपलब्ध है। जिले में मध्यप्रदेश राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम में 91450 क्विंटल, सहकारी कृषि प्रक्षेत्रों में 12403 क्विंटल, बीज संघ में 652739 क्विंटल, राष्ट्रीय बीज निगम में 255716 क्विंटल, अन्य अधिकृत संस्थाओं में 190839 क्विंटल इस प्रकार संख्याना में 1203191 क्विंटल एवं निजी बीज संस्थाओं में 2548843 क्विंटल उपलब्ध है।

### 36 क्विंटल गेहूं, 9 क्विंटल चावल का होगा आवंटन

**सीहोर।** जिले में दीनदयाल रसोई योजना के अंतर्गत नवंबर -2026 के लिए हितग्राहियों को पका हुआ भोजन प्रदान कराने हो लिए गेहूं एवं चावल का आवंटन किया है। खाद्य विभाग द्वारा जारी आवंटन के अनुसार सीहोर, आष्टा एवं इछावनी नगरीय निकायों को कुल 36 क्विंटल गेहूं और 9 क्विंटल चावल आवंटित किया है।

### पिपलानी में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान आज

**सीहोर।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत 16 अक्टूबर को पीपलानी विकासखंड के ग्राम पिपलानी में विधिक आयोजित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुचना तथा लाभ पात्रताओं की समस्याओं का मौके पर निराकरण सुनिश्चित करना है।

### मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए फार्म-7 दे सकेंगे

**सीहोर।** मतदाता सूची से नाम हटाने या किसी गलत तरीके से जोड़ने पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए अब एक व्यक्ति सीमित संख्या में ही फॉर्म 7 आवेदन दे सकेंगे। निर्वाचन आयोग ने दावे-आपत्तियों की पूरी जटिली में अधिकतम 10 और मतदाता सूची के नियत अवधि से दोगना हो महीने अधिकतम 5 आवेदन की सीमा तय की है। यह नियम ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों माध्यमों पर लागू होगा। आयोग ने यह निर्देश खास कर आपत्तियां दर्ज कराने और बिना पर्याप्त प्रमाण के नाम हटाने की मांग से संबंधित मामलों को रोकने की नीयत से जारी किए हैं।

**चुनरी यात्रा** हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा, मां जगदंबा को अर्पित की 151 मीटर लंबी चुनरी, सात से अधिक गरबा टीमों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

# ऐतिहासिक चुनरी यात्रा में 10 हजार से अधिक श्रद्धालु हुए शामिल, 50 से अधिक स्थानों पर हुआ स्वागत

डीआर संवाददाता>>सीहोर

मां जगदंबा के जयकारे लगाते, गरबे में लहराते स्वर, शिव पर कलश चढ़ाए हुए बालिकाएं, भक्ति गीतों पर थिरकते श्रद्धालु और आसमान से होती पुष्पवर्षा। नवरात्रि के पावन अवसर पर गुरुवार को शहर में निकली भव्य चुनरी यात्रा में आस्था, उत्साह और सनातन संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रसिद्ध करौली वाली माता मंदिर से प्रारंभ हुई इस यात्रा में 10 हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने मां जगदंबा को 151 मीटर लंबी चुनरी अर्पित की। यात्रा के दौरान हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई, वहीं शहर के 50 से अधिक स्थानों पर सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने मां जगदंबा के रथ का पुष्पवर्षा से स्वागत किया। यात्रा में सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, भोपाल सांसद आलोक शर्मा, पूर्व राज्यमंत्री सुमित पचौरी, स्थानीय जन प्रतिनिधियों व बड़ी संख्या में महिलाएं, युवतियां, बुजुर्ग और भारी संख्या में नागरिक शामिल हुए। पूरे मार्ग पर माता रानी के जयकारों से गुंजायमान वातावरण बना रहा।





नगर पालिका अध्यक्ष एवं हिंदू रक्षक युवा समिति के रोकेश ग्रिल राठौर सहित आयोजन समिति का भी विशेष स्वागत पर सम्मान किया गया।

### करौली वाली माता मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद हुआ शुभारंभ

चुनरी यात्रा का शुभारंभ करौली वाली माता मंदिर परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना के बाद हुआ। यात्रा से पहले मंदिर में विशेष हवन किया गया। इसके बाद चुनरी यात्रा का शुभारंभ हुआ। चुनरी को लगाई जाकर होने के बाद यह यात्रा बड़ी मंडी महेश्वरी की इसे सजाती गली नई और देखते ही देखते श्रद्धालुओं की जयकारे गूंज उठे। चुनरी को लं लगाया जा सके इसके लिए यात्रा मार्ग पर कई जगहों पर बिजली के तार ऊंचे किए गए।

### कलशधारी बालिकाएं बनीं आकर्षण का केंद्र

चुनरी यात्रा में सबसे आगे सिर पर कलश धारण किए बालिकाएं चल रही थीं। उनके पीछे रथों-गाड़ी में भक्त माता रानी के भजनों पर झूमते-गाते चल रहे थे। युवकों की टोलियां हाथ में झंडे लहराते हुए आगे बढ़ रही थीं। श्रद्धालुओं के साथ-साथ पूरा मार्ग 'जय माता दी' के जयघोष से गूंजता रहा। कई जगहों पर श्रद्धालुओं ने भजन संध्या का भी आयोजन किया।

### 300 से अधिक दुर्गावाहिनी की बालिकाएं रहीं शामिल

विशेष रूप से चुनरी यात्रा में 300 से अधिक दुर्गावाहिनी की बालिकाएं भी शामिल हुईं। उन्होंने हाथ में शंख से बजाते हुए और भगवा ध्वज लहराते हुए यात्रा में शक्ति प्रदर्शन किया। उनके साथ-साथ बड़ी संख्या में महिलाएं भी पारंपरिक वेशभूषा में यात्रा में शामिल हुईं। पूरे मार्ग पर माता रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

### 14 वर्षों से लगातार आयोजित हो रही चुनरी यात्रा

करौली वाली माता मंदिर से निकलने वाली चुनरी यात्रा की व्यवस्था पिछले 14 वर्षों से लगातार करती है। हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु इसमें शामिल होकर मां जगदंबा को चुनरी अर्पित करते हैं। इस आयोजन में पारिवारिक आस्था के साथ सामाजिक सहभागिता भी देखने को मिलती है।

### युवा पीढ़ी को संस्कृति और संस्कारों से जोड़ना उद्देश्य, प्रिंस राठौर



नगर पालिका अध्यक्ष एवं हिंदू रक्षक युवा समिति के संरक्षक प्रिंस राठौर ने कहा कि चुनरी यात्रा आस्था, श्रद्धा और सनातन संस्कृति से जुड़ा महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है। माता रानी के प्रति गहरी श्रद्धा ही इस यात्रा को हर वर्ष भव्य बनाने प्रेरणा बनती है। उन्होंने कहा कि शहरीय की पारंपरिक परंपराओं को आगे बढ़ाना और युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति एवं संस्कारों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। मां जगदंबा की कृपा से ही यह यात्रा हर वर्ष सफल होती है।

### श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर-ट्राली डंपर से टक्कराई, महिला की मौत

डीआर संवाददाता>>सीहोर



बुदनी इंदौर बायपास पर गुरुवार को डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर में एक महिला की मौत हो गई, जबकि करीब 10 लोग घायल हो गए। ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार श्रद्धालु सलकनपुर स्थित मां विजासन देवी के दर्शन कर रायसेन जिले के कन्सिया गांव लौट रहे थे।

जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर ट्रॉली में महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और युवक सवार थे। बुदनी बायपास पर वाहन की डंपर से भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद पीछे पर बैठी अनीता रावरी गंभीर घायल हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंचे। घायलों को सामुदायिक केन्द्र बुदनी में भर्ती कराया गया, जहां से गंभीर घायल महिला को इलाज के लिए सीहोर रेफर किया गया है।

एसडीओपी रवि शर्मा के मुताबिक हादसे में एक महिला की मौत हुई है और करीब 10 लोग घायल हुए हैं। मृतक की पहचान की पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

### स्टॉप डेम में डूबे 18 वर्षीय शुभम की तलाश दूसरे दिन भी जारी

बुधवार दोपहर पड़ियाला गांव में हुआ हादसा, अंधेरा होने पर रोकना पड़ा था रेस्क्यू अभियान

डीआर संवाददाता>>श्यामपुर।

जिले की श्यामपुर तहसील के पड़ियाला गांव में स्टॉप डेम के पानी में डूबे 18 वर्षीय युवक शुभम की तलाश दूसरे दिन भी जारी रही। बुधवार दोपहर करीब एक बजे डूबे हादसे की सूचना मिलने पर जिला मुख्यालय से राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीम मौके पर पहुंची और युवक की तलाश शुरू की। शुभवार को अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू अभियान रोकना पड़ा था। गुरुवार सुबह 8 बजे से टीम ड्रोन कैमरे और गोताखोरों की मदद से फिर तलाश शुरू की गई।



दो दोपहर तलाश शुरू की गई।

### बुधवार दोपहर हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार, शुभम पिता प्रेम सिंह, उम्र 18 वर्ष, दोस्तों साथ पड़ियाला सुरवार दोपहर गांव से करीब डेढ़ से दूर बना। पानी की गहराई का अंदाजा नहीं लगा पाने के कारण वह डूबने लगा। दोस्तों ने शोर मचाया, तो ग्रामीण मौके पर पहुंचे और युवक की तलाश शुरू की। शुभवार को अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू अभियान रोकना पड़ा था। गुरुवार सुबह 8 बजे से टीम ड्रोन कैमरे और गोताखोरों की मदद से फिर तलाश शुरू की गई।

### दूसरे दिन फिर शुरू हुआ रेस्क्यू

सूचना मिलते ही एसडीएम अजय प्रताप सिंह, तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार पांडेय, थाना प्रभारी अनिल कुमार यादव मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य की निगरानी की। ग्रामीणों के अनुसार, शुभम अपने दोस्तों के साथ गर्मी से राहत पाने के लिए स्टॉप डेम पर गया था। पानी की गहराई और तल की स्थिति का सही अनुमान लगाना मुश्किल हो सकता है। ऐसी घटनाओं में जिला प्रशासन ने बार-बार लोगों से अपील की है कि वे अनजान जगह पर पानी में उतरने से बचें।

### जल संरचनाओं के पास सावधानी जरूरी

स्टॉप डेम और अन्य जल संरचनाओं के आसपास सावधानी बरतने कहा गया है। पानी की गहराई और तल की स्थिति का सही अनुमान लगाना मुश्किल हो सकता है। ऐसी घटनाओं में जिला प्रशासन ने बार-बार लोगों से अपील की है कि वे अनजान जगह पर पानी में उतरने से बचें। खासकर बच्चों को इससे दूर रखने की जरूरत है। पड़ियाला पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि ने भी इस घटना पर दुख व्यक्त किया है। रेस्क्यू अभियान में ग्रामीणों का सहयोग भी लिया जा रहा है। परिवार के परिजन और पंचनामा की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

### मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश पर प्रशासन ने की पहल, कोसमी मामले में सरकार सक्रिय, रात में आदिवासी परिवारों के बीच पहुंचे

डीआर संवाददाता>>सीहोर

सुनवी क्षेत्र के कोसमी गांव में आदिवासी परिवारों को मकान तोड़े जाने का मामला अब राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर चर्चा का केंद्र बन गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रशासन सक्रिय हुआ है। कलेक्टर के. बालमुरुगन रात में कोसमीर पहुंचकर प्रभावित आदिवासी परिवारों से मिले और समस्या सुनी।

जानकारी के अनुसार, प्रभावित परिवारों से मुलाकात के दौरान उन्हें राहत पहुंचाने की पहल की गई। प्रशासन ने परिवारों को वस से वापस उनके गांव पहुंचाने की व्यवस्था भी की। इस घटनाक्रम के बाद प्रभावित परिवारों के आवास और पुनर्वासव्यवस्था को लेकर प्रशासन की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है।



### आदिवासियों को परेशान नहीं करने के निर्देश

सूत्रों से मुताबिक, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी आदिवासी परिवार को परेशान नहीं किया जाए। साथ ही, तो अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया पूरी होने तक किसी भी परिवार के घर को तोड़ने से जिलेन्द्र दिए जाने की बात सामने आई है। सरकार के इस निर्देश के बाद प्रभावित परिवारों को वापस मिलने की उम्मीद बढ़ी है।

### राजनीतिक घटनाक्रम के बाद बढ़ी सक्रियता

कोसमी में हुई कार्रवाई को लेकर राजनीतिक गलियारों में भी प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। पूर्वमन्त्री डॉ. गौतम यादव और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सेंगर के बीच बैठक के बाद प्रशासनिक सक्रियता को इस मामले में अहम घटनाक्रम माना जा रहा है।

### अघोषित बिजली कटौती से भड़का जनाक्रोश, ग्रामीणों का सीहोर-भोपाल मार्ग पर चक्काजाम

डीआर संवाददाता>>सीहोर



रात के समय गांव से दस घंटे की अघोषित बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों और किसानों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। लगातार पांचवे दिन विरोध प्रदर्शन के बीच बुधवार रात पिपलिखापरव चौराहे पर ग्रामीणों ने सीहोर-भोपाल मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। गौरी पर पहुंचे सहायक यंत्री शिवराम के आश्वासन और पुलिस की समझाइश के बाद जाम खोल गया। दूसरी ओर, दोराहा स्थित कांग्रेस आवास कालीम के नेतृत्व में किसकिसगंज में ग्रामीणों ने नारेबाजी कर जिम्मेदार अधिकारियों पर वर्करेखई की मांग की। गौरी पर पहुंचे सहायक यंत्री शिवराम के आश्वासन और पुलिस की समझाइश के बाद जाम खोल गया। दूसरी ओर, दोराहा स्थित कांग्रेस आवास कालीम पठान के नेतृत्व में आपन कार्यकर आंदोलन की चेतावनी दी गई।

### सिंचाई, पेयजल और नींद पर असर

ग्रामीणों के अनुसार रात में दो से तीन बार बिजली कटौती होने से किसानों को सिंचाई के साथ-साथ पेयजल की भी गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो वे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। सूचना मिलने पर एसडीएम राजेश जाटवे मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि समस्या के स्थायी समाधान के लिए विभागीय अधिकारियों से बात की जाएगी। इसके बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया।

**रामलीला**

### कोलीपुरा के प्राचीन नृसिंह मंदिर में रामलीला का शुभारंभ

### प्रयागराज के कलाकारों ने शिव विवाह, नारद मोह भंग, मनु-शतरूपा और रावण जन्म की लीलाओं का किया मंचन

डीआर संवाददाता>>सीहोर



शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर परिसर में नवरात्रि के पावन अवसर पर रामलीला का शुभारंभ हुआ। पहले दिन प्रयागराज से आए कलाकारों ने धार्मिक प्रसंगों पर आधारित विभिन्न लीलाओं का मंचन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर रात तक चले कार्यक्रम में शिव विवाह, गणेश वंदना, नारद मोह भंग, मनु-शतरूपा, सीता भूमि प्रवेश, रावण-वेदवती संवाद और रावण जन्म जैसे प्रसंगों की प्रस्तुतियां दी गईं। कलाकारों ने अपने अभिनय और संवादों के माध्यम से रामायण से जुड़े प्रसंगों को जीवंत किया। रामलीला का शुभारंभ संत महंत दास, संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा एवं महंत बृजेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और इंजवासी मौजूद रहे। नवरात्रि के दौरान आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में महंतों ने रामलीला के विभिन्न प्रसंगों का आनंद लिया और मनोरंजन के जायकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

रामलीला के पहले दिन मनोरंजन सिंह और महंत फार्जदी के विवाह प्रसंग का मंचन किया गया। कलाकारों ने शिव विवाह की प्रस्तुति के माध्यम से श्रद्धालुओं को सांस्कृतिक परंपराओं और पौराणिक प्रसंगों से परिचित कराया। इसके बाद गणेश वंदना तो साथ अन्य लीलाओं का मंचन आगे बढ़ा। कलाकारों की प्रस्तुतियों में संवाद, अभिनय और दृश्यों की भावपूर्ण अभिव्यक्ति देखने को मिली। नारद मोह भंग की लीला में दिखाया गया कि नारद मुनि के मोह से जुड़ी घटना के दौरान भगवान विष्णु ने उन्हें बानर रूप प्रदान किया। इसमें नारद मुनि क्रोधित हो गए और उन्होंने भगवान विष्णु को धरती पर जन्म लेने का श्राप दे दिया। इस प्रसंग के मंचन से कलाकारों ने अहंकार, मोह और उसके परिणामों को सरल भाषा में प्रस्तुत किया। मनु-शतरूपा और रावण जन्म की लीलाओं का भी मंचन किया गया। रामलीला के दौरान दर्शक देर रात तक मंचन देखते रहे और कलाकारों की प्रस्तुतियों की सराहना की। इस अवसर पर रथ सजाए दास ने कहा कि नवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं के सहयोग से मंदिर परिसर में रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। नवरात्रि के उत्सव पर प्राचीन श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर परिसर में रामलीला के शुभारंभ से शहर में धार्मिक उत्साह का वातावरण बना हुआ है।

### दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने वेतनमान सहित मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

डीआर संवाददाता>>सीहोर



मध्यप्रदेश कार्यभारित कर्मचारी एवं दैनिक वेतन भोगी श्रमिक महासंघ ने प्रदेश में लंबे समय से सेवाएं दे रहे दैनिक वेतन भोगी एवं स्थाई कर्मियों की विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश सरी जिलेवार योगदा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर सौंपा। ज्ञापन का वाचन नगर अध्यक्ष महेश महेश्वरी ने किया। महासंघ ने कर्मचारियों को सातवां वेतनमान देने, अनुकंपा नियुक्ति की याचना प्रदान करने, नियमित कर्मचारियों के समान सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा स्थाई कर्मियों के नियमितीकरण सहित विभिन्न मांगों के निराकरण की मांग उठाई। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी पिछले 25 से 30 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे

विधानसभा उप निर्वाचन 2024 मल्हारगढ़ सामेलगढ़ एवं दैनिक वेतन भोगी श्रमिक महासंघ है। महासंघ के अनुसार, 16 दिसंबर 2025 को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक तथा उपमुख्यमंत्री की प्रेस वार्ता में स्थाई कर्मियों को नियमित कर्मचारियों के समान सुविधाएं देने की बात कही गई थी। वहीं, वित्त विभाग द्वारा जारी 22 दिसंबर के परिपत्र में स्थाई कर्मियों को नियमित कर्मचारियों के समान सुविधाएं देने एवं नियमितीकरण के संबंध में स्पष्ट प्रावधान नहीं होने से कर्मचारियों में भ्रम और असंतोष की स्थिति बनी हुई है।

# डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैलूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर आश्विन शुक्ल पक्ष 06-2083 सीहोर, दिन शुक्रवार, दिनांक 16 अक्टूबर 2026


**न्यूज गैलरी**

**दशहरा उत्सव 20 को**

भैरूंदा। भैरूंदा के सबसे बड़े उत्सव दशहरा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। 20 अक्टूबर को नगर में भव्य शस्त्र संचालन निकाला जाएगा। नगर पालिका समिति, बजरंग कुटी भैरूंदा के तत्वावधान में होने वाले संचालन में आकर्षक झांकियां और अखाड़ों के प्रदर्शन मुख्य आकर्षण रहेंगे। आयोजक इस बार संचालन को और भव्य स्वरूप देने की तैयारी कर रहे हैं। आयोजकों के अनुसार, संचालन 20 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे नया-पंजाबा पहनकर यात संचालन में शामिल होने का आह्वान किया है।

**सीहोर।** किसानों को आगामी रबी मौसम के लिए गुणवत्तापूर्ण बीज का पर्याप्त भण्डारण सुनिश्चित है। किसानों को सब्सिडाईज राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम में 91452 क्विंटल, शासकीय कृषि प्रक्षेत्रों में 12403 क्विंटल, बीज संघ में 6027.94 क्विंटल, राष्ट्रीय बीज निगम में 256719 किलोग्राम, अन्य अधिकृत 13 संस्थाओं से 190639 किलोग्राम इस प्रकार उपलब्धता में 1203391 किलोग्राम एवं निजी पीएस संस्थाओं में 2548843 किलोग्राम उपलब्ध है।

## एक ही दिन में दो कंडक्टरों की मौत

भैरूंदा। भैरूंदा बस स्टैंड पर एक ही दिन में दो परिचालकों के निधन से शोक छा गया। पहले कोमल पटार के निधन की खबर आई। सुबह उनके अंतिम संस्कार में शामिल होकर लौटे चालक, परिचालक और अन्य लोग कुछ ही देर बाद हुकुम भाई दरबार के अचानक निधन की खबर सुनकर सन्न रह गए। कोमल का रात में निधन हो गया था। शुक्रवार सुबह 8:30 बजे उनके निजी निवास से अंतिम यात्रा निकाली गई। वहीं हुकुम भाई दरबार की दोपहर करीब 2 बजे उनकी अंतिम यात्रा नीलकंठ घाट स्थित मुक्तिधाम पहुंची, जहां अंतिम संस्कार किया गया।

## पिपलानी में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान आज

सीहोर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत 16 अक्टूबर को भैरूंदा विकासखंड के ग्राम पिपलानी में शिविर आयोजित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना तथा आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण सुनिश्चित करना है।

## मां को आज चढ़ेगी 1001 फीट की चुनरी

**बिलकिसगंज।** क्षेत्र में मां महिषासुर मर्दिनी की शक्ति में 1001 फीट लंबी चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। शुक्रवार 16 अक्टूबर को होने वाली यात्रा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष रवना सुरेंद्र सिंह मेवाड़ा के नेतृत्व में आयोजित यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। चुनरी यात्रा सुबह 10:30 बजे ग्राम डाबला केलवाड़ी स्थित स्थानीय मंदिर से शुरू होकर मां महिषासुर मर्दिनी के दरबार पहुंचेगी। करीब 7 किलोमीटर की यात्रा में श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ेंगे। 1001 फीट लंबी चुनरी यात्रा का मुख्य आकर्षण रहेगी।

**बैठक में निर्णय** आष्टा के बुधवारा बाजार में जलभराव से निपटने की तैयारी, नालों का होगा चौड़ीकरण

# नपा की बैठक में वैकल्पिक व्यवस्था पर सहमति, अतिक्रमण हटाने और खारी कुंडी के जीर्णोद्धार का भी निर्णय

डीआर संवाददाता>आष्टा।



नगर के बुधवारा क्षेत्र में कभी से बनी जलभराव की समस्या के स्थायी और वैकल्पिक समाधान को लेकर नगरपालिका सभाकक्ष में व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बारिश के पानी की निकासी बेहतर बनाने, नालों की सफाई, चौड़ीकरण, अतिक्रमण हटाने और खारी कुंडी के जीर्णोद्धार सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। नगरपालिका प्रतिनिधि रामसिंह मेवाड़ा और मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश कुमार अग्रवाल ने समस्या के समाधान के लिए सकारात्मक सुझाव रखने का आग्रह किया।

बैठक में बताया गया कि सुभाष नगर, नालसा भवन, गरल चौराहा, गंज चौराहा, कुशवाह मोहल्ला सहित लगभग एक दर्जन कॉलोनियों का बारिश का पानी बुधवारा क्षेत्र से होकर निकलता है। नगर की बड़ी आबादी का पानी यहां पहुंचने के कारण निकासी बाधित होने पर जलभराव की स्थिति बनती है। बुधवारा नगर का प्रमुख बाजार है। क्षेत्र सघन और घना होने के कारण बड़े नाले के निर्माण में तत्काल कई आपत्तियों को लेकर आशंका भी जताई गई। इस पर पहले वैकल्पिक व्यवस्था कर समस्या दूर करने पर सहमति बनी।

### नालों का चौड़ीकरण और सफाई होगी

बैठक में तय किया गया कि बस स्टैंड से पास बनी छोटी नाली की क्षमता बढ़ाने के लिए रोड़ा फर्नीचर से जैन कन्सेप्ट तक नाले का चौड़ीकरण किया जाएगा। पलसीपुरा से जगदाहक के आने तक नाले को गहरा और चौड़ा कर रेत ब्रिज से तिलोरे से खालीगिल नाले से जोड़ा जाएगा।

अधिकारियों के अनुसार, इस व्यवस्था से पानी को तिलोरी में सुधार होने और जलभराव कम करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

### खारी कुंडी का होगा जीर्णोद्धार

बैठक में खारी कुंडी का जीर्णोद्धार कर उसमें बारिश पानी का प्रवेश रोकने की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। खारी कुंडी से पत्थरीपुरा तक दोनों ओर नई नालियों का निर्माण भी कराया जाएगा।

नगरपालिका प्रतिनिधि रामसिंह मेवाड़ा और सीएमओ दिनेश कुमार अग्रवाल ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को व्यापारियों का सहयोग लेकर काम शुरू कराने के निर्देश दिए। बैठक में पार्षद डॉ. सलीम खान, तमसोरा जैन, सुनील नागवंशी, शेख रईस, जाहिद यूसुफ सहित अन्य जनप्रतिनिधि और व्यापारी मौजूद रहे।

# दीपावली को लेकर पटाखा गोदामों का निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था परखी



डीआर संवाददाता>आष्टा

दीपावली और दशहरा जैसे पर्व पर पटाखों की बिक्री बढ़ने से पहले पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था की जांच शुरू कर दी है। सीहोर पुलिस अधीक्षक स्वेता सक्सेना और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह किनार और एसडीओपी दामोदर सुगत के नेतृत्व में टीम ने खरी फाटर वर्क्स, एकता फायर वर्क्स और सना पटाखा सेंटर का निरीक्षण किया।

एसडीएम महेंद्र प्रताप सिंह किनार और एसडीओपी दामोदर सुगत के नेतृत्व में टीम ने खरी फायर वर्क्स, एकता फायर वर्क्स और सना पटाखा सेंटर का निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने गोदामों में बारीकी से दस्तावेजों की जांच की। लाइसेंस, बिजली व्यवस्था तथा निकास मार्गों की स्थिति देखी। संचालकों को निर्देश दिए गए कि गोदामों में पर्याप्त अग्निशमन उपकरण रेत की बाल्टियां और पानी की व्यवस्था अनिवार्य रूप से रखें। रात के समय चौकीदार की ड्यूटी सुनिश्चित करने के साथ ज्वलनशील पदार्थों के भंडारण से जुड़े वैधानिक प्रावधानों और शासन के सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करने को कहा गया। एसडीएम किनार ने कहा कि त्योहारों के दौरान अतिरिक्त भीड़ बढ़ जाती है, इसलिए सुरक्षा में किसी भी स्तर की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

कमी पाए जाने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। एसडीओपी गुप्ता ने भी संचालकों को लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन नहीं करने और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी। निरीक्षण के दौरान राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# आरोपी को 19 महीने और 21 लाख 75 हजार के प्रतिकर की मिली सजा

डीआर संवाददाता>आष्टा

नारायण कुशवाह पिता छोटेलाल कुशवाह निवासी गुलौली रोड आष्टा जिला सीहोर ने एक लीज अनुबंधन का फर्जीवाड़ा कंसरोसेंस पिता मनसाराम निवासी ग्राम जगतपुरा (मिनपुरा) तहसील आष्टा जिला सीहोर के विरुद्ध न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी आष्टा के न्यायालय में 27 सितंबर 2021 को पेश किया था।

जिसमें सरकारी प्रहरी उपपरा दिनांक 08 अक्टूबर 2026 को प्रकरण में निर्णय घोषित कर कंसरोसेंस को धारा 136 प्रक्रियम लिखत अनिवियम के तहत छह महीने सजा, न्यायालय सुलवार के अधिवक्ता दीपा अनुसार सजायें इन दी गई जानकारी के अनुसार विहान मॉडलस्ट्रेट प्रीति अग्रवाल ने 1 वर्ष के कारावास की दण्डाज्ञा पेश हुए 15,20,000 रुपये एवं 9 अतिरिक्त वर्णित करने की दर से कुल 2175000 रुपये अदा करने और प्रतिकर अदा न करने पर 6 माह का कठोरतर सजा रखिरिक्त दण्ड से 5000 रुपये जिसे अदा न करने पर 32 दिन का कारावास की सजा से दण्डित किया है। निर्णय से व्यथित और दण्ड की राशि अदा करने पर जो 2 माह की सजा दी गई वह कुल सजा भुगताने के बाद इसे पृथक से भुगताई जाने का भी आदेश दिया है।

# महा विधायलय में पोस्टर और निबंधों से दिया ई-वेस्ट प्रबंधन का संदेश

डीआर संवाददाता>भैरूंदा



गोंडवाड़, छत्तीसगढ़ और देहरी जैसे अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को सामान्य कचरे में फेंकना पर्यावरण के लिए गुरुसाधारक हो सकता है। इनमें सुरक्षित निपटान और पुनर्चक्रण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए राम सहाय भवर सिंह महाविद्यालय, भैरूंदा में पोस्टर निर्माण और निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से ई-वेस्ट के उचित प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पोस्टर और निबंधों के जरिए बताया कि इलेक्ट्रॉनिक कचरे का अनुचित निपटान मिट्टी, पानी और वायुमंडल को नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए इसका वैज्ञानिक तरीके से निपटान और पुनर्चक्रण जरूरी है। इस पहल में नोडिगी दूबे, सलोनी मेडा एवं नीलम ने सक्रिय भागीदारी निभाई। विद्यार्थियों ने लोगों से अपील की कि खराब या अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को सामान्य कचरे में न फेंकें, बल्कि अधिकृत संग्रह केंद्रों पर जमा करें, ताकि उनका सुरक्षित निपटान किया जा सके और उपयोगी सामग्री का पुनर्चक्रण हो सके।

# आईईएस स्कूल ने नवीन विद्या भारतीय स्कूल को 170 रन से हराया

डीआर संवाददाता>सीहोर



शहर के मोवाल नाके के समीपस्थ आवासीय सोसायटी मैदान पर जारी आरएसआई कप इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुवार को पहला मैच आईईएस रेड और नवीन विद्या भारती स्कूल के मध्य खेला गया। इस एक तरफा मुकाबले में आईईएस रेड 170 रन के विशाल अंतर से नवीन विद्या भारती स्कूल को हराया। आईईएस स्कूल की ओर से सलामी बल्लेबाज अंश ने 64 गेंद पर 140 रन, अतरा मसीह ने 56 रन की पारी के अलावा अली गेदबाजी में 4 ओवर में 14 रन देकर 5 विकेट हासिल किए। मैच से अंत में कोच अक्षय दुबाने और अजय चंदेल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी आईईएस रेड टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 2 विकेट खोकर 265 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसमें अंश ने 140 रन पारी आक्रमण में 31 रन और अंतर मसीह ने 56 रन की पारी खेली। इधर नवीन विद्या भारती स्कूल की ओर से गेदबाजी करते हुए नैमत पस्सर-आरेहर ने 1-1 विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नवीन विद्या भारती टीम 15.3 ओवर में 96 रन पर सिमट गई। इससे आईईएस रेड टीम ने 25 रन, वैभव पस्सर ने 20 और उज्जवल ने 15 रन की पारी खेली। इधर आईईएस स्कूल की ओर से गेदबाजी करते हुए अतरा मसीह ने 5 विकेट, अंकल सिंह ने 2 विकेट और अंश ने 1 विकेट हासिल किया।

### दुर्गा माता स्कूल ने रॉट ऐनिस को 49 रन से हराया

आरएसआई के मोडिया प्रभारी दिनेशु दीक्षित ने बताया कि एक अन्य मैच दुर्गा माता स्कूल और रॉट एनिस के मध्य खेला गया। इसमें दुर्गा माता ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 134 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉट एनिस टीम 85 रन ही बना सकी।

# सामान्य से कम बारिश, जलाशयों में कम पानी और नमी की कमी

डीआर संवाददाता>सीहोर

अक्टूबर का आधा महीना बीतने के बाद भी जिले में गर्मी का असर कम नहीं हो रहा है। पिछले पांच दिनों से अधिकतम तापमान 36 से 38 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। दिन में तेज धूप के कारण लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार हवा की रुख, सीमित पश्चिमीविक्षोभ और नमी की कमी इसके प्रमुख कारण हैं।

मौसम वैज्ञानिक डॉ. रवींद्र सिंह तोमर ने बताया कि जनवरी में हवा में नमी कम होने और धूप सीधे जमीन पर पड़ने से दिन के तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। इस वर्ष सितंबर में सामान्य से कम बारिश होने का असर भी मौसम पर दिखाई दे रहा है।

### सामान्य से 2828 मिमी कम बारिश

जिले में सामान्य औसत वर्षा 1484 मिलीमीटर दर्ज की जाती है, जबकि इस वर्ष अब तक 8656 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है। इस वर्ष सामान्य से 2828 मिलीमीटर ₹ कम बारिश दर्ज की गई है।

### अगले पांच दिन गर्मी से राहत की उम्मीद कम

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अगले पांच दिनों तक मौसम में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। दिन में तेज धूप और गर्मी का असर बना रह सकता है। सात तारीख 11 को के बाद हल्की टेक्स हल्कापन होने की संभावना है।

**गुरुवार को मंडी** मंडियों में सोयाबीन के भाव 7,542 रुपये तक पहुंचे, आष्टा में सबसे ज्यादा आवक

# श्यामपुर में मंडल भाव 6,980, शुजालपुर में 6,900 और पचोर में 6,700 रुपये प्रति क्विंटल

डीआर संवाददाता>सीहोर।



सीहोर, शाजापुर और राजगढ़ जिले की कृषि उपज मंडियों में 15 अक्टूबर को सोयाबीन की खरीदी-बिक्री में तेजी बनी रही। श्यामपुर, आष्टा, शुजालपुर और पचोर मंडियों में सोयाबीन के मॉडल भाव 6,700 रुपये से अधिक दर्ज किए गए। आष्टा मंडी में सोयाबीन का अधिकतम भाव 7,542 रुपये प्रति क्विंटल रहा, जबकि श्यामपुर में मॉडल भाव 6,980 रुपये दर्ज किया गया।

### आष्टा में 16 हजार क्विंटल से अधिक सोयाबीन

कृषि उपज मंडी समिति आष्टा के अनुसार 15 अक्टूबर को सोयाबीन की आवक 16,093 क्विंटल रही। इसके न्यूनतम भाव 3,000, अधिकतम 7,542 और मॉडल भाव 6,500 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज हुए। मंडी में सभी कृषि उपजों की कुल आवक 23,142 क्विंटल रही।

श्यामपुर मंडी में सोयाबीन का न्यूनतम भाव 3,100, अधिकतम 7,201 और औसत भाव 6,980 रुपये रहा। गेहूं का औसत भाव 2,610 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया।

### शुजालपुर और पचोर में भी अच्छे भाव

शुजालपुर मंडी में सोयाबीन का मॉडल भाव 6,900 रुपये और अधिकतम भाव 7,320 रुपये प्रति क्विंटल रहा। यहां कुल आवक 12,443 क्विंटल दर्ज की गई। पचोर मंडी में 15 अक्टूबर को सोयाबीन का मॉडल भाव 6,700 और अधिकतम भाव 7,050 रुपये रहा। यहां कुल आवक 12,867 क्विंटल दर्ज की गई।

### अन्य मंडियों में भी सोयाबीन की आवक

राजगढ़ जिले की जीरापुर मंडी में 15 अक्टूबर को सोयाबीन का मॉडल भाव 6,600 रुपये रहा। नरसिंहगढ़ मंडी में 14 अक्टूबर को मॉडल भाव 6,500 रुपये दर्ज किया गया।

मंडी भाव फसल की गुणवत्ता, नमी और बाजार की स्थिति के अनुसार बदल सकते हैं। किसानों को उपज बेचने से पहले संबंधित मंडी के ताजा भाव की जानकारी लेने की सलाह दी जाती है।

# साहित्यकार पंकज सुबीर को मिलेगा 'केएलएफ बुक अ□फ

डीआर संवाददाता>आष्टा

सीहोर। जिले के वरिष्ठ साहित्यकार एवं कथाकार पंकज सुबीर को उनके कहानी संग्रह 'खरीद दरों के लिए प्रतिष्ठित 'केएलएफ बुक ऑफ द ईयर अवार्ड देने की घोषणा की गई है। लर्निंग इंटरनेशनल लिटरेचर फेस्टिवल की ओर से दिए जाने वाले इस सम्मान को मध्यप्रदेश के साहित्य जगत के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। आयोजकों के अनुसार, इस सम्मान के लिए प्रदेश के किसी रचनाकार का पहली बार चयन हुआ है।

पंकज सुबीर को दिसंबर में नई दिल्ली में आयोजित समारोह में सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में देश-विदेश के प्रमुख साहित्यकारों, शिक्षकों और अन्य क्षेत्रों के गणमान्य लोगों के शामिल होने की संभावना है।

कहानी संग्रह को मिली सराहना पंकज सुबीर का कहानी संग्रह 'खरीद दरों अपने विषय, कथ्य और प्रस्तुति के कारण साहित्यिक जगत में चर्चा में रहा है। उनकी कहानियों में ग्रामीण संवेदनाओं, सामाजिक असंगतियों तथा ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संदर्भों को प्रमुखता से स्थान मिला है। उनकी भाषा शैली और कहानियों की विषयवस्तु को पाठकों एवं समीक्षकों की

# डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ आश्विनी शुक्ल पक्ष-06 -2083 विदिशा,शुक्रवार,दिनांक, 16 अक्टूबर,2026


**न्यूज गैलरी**

### आईटीआई ने 10 साल बाद हासिल किया शत-प्रतिशत प्रवेश का लक्ष्य

लटेरी। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) लटेरी ने इस वर्ष प्रवेश प्रक्रिया में 100 प्रतिशत प्रवेश का लक्ष्य हासिल किया है। करीब 10 वर्षों बाद संस्थान को यह उपलब्धि मिली है। इस जानकारी नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन और प्राचार्य प्रवीण रे यह सफलता संभव हुई। संस्थान द्वारा विद्यार्थियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण के साथ-साथ रोजगार और कौशल विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाने के प्रयास किए गए। इस उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में नई उम्मीद जगी है। संस्थान परिवार ने भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन का संकल्प लिया है।

### जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में कॉलेज की छात्राएं रही विजेता

विदिशा। नव शासन, उच्च शिक्षा विभाग के उत्कर्षायन में अंतर महाविद्यालयीन जिला स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय महाविद्यालय, लटेरी में किया गया। प्रतियोगिता में राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या महाविद्यालय, विदिशा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। तथा उक्त प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर महाविद्यालय के चार खिलाड़ियों का चयन आगामी संभाग स्तरीय लघुग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी किया गया है जिसके दल को महाविद्यालय लौटने पर प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने सभी विजेता खिलाड़ी छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार अहिरवार एवं दल मैनेजर कु. सोनम साहू को भी इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी।

### 2200 मीटर की चुनरी लेकर 14 किमी पैदल चले

विदिशा। जिले की सबसे लंबी चुनरी यात्रा इस वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। 2200 मीटर लंबी चुनरी लेकर हजारों श्रद्धालु 14 किलोमीटर पैदल चले। यात्रा श्री नगरसेन बाबा साहब मंदिर सिरोंजिया से प्रारंभ होकर श्री बालसेवय मंदिर की नगरी देवस्थली होते हुए सितोरिया वाली मैया के दरबार पहुंची, जहां चुनरी अर्पित की गई। यात्रा मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए फलाहार वितरण की व्यवस्था की गई। यात्रा में महेंद्र रघुवंशी, देवेंद्र लोधी, पवन माहलीय, अक्षयनारायण मालवीय, गौरव मालवीय, गोलू लोधी, अंकित तेली, विशाल माहलीय, वीरेंद्र विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### आईटीआई लटेरी में 10 साल बाद शत-प्रतिशत प्रवेश

विदिशा। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) लटेरी ने इस वर्ष प्रवेश प्रक्रिया में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए शत-प्रतिशत प्रवेश का लक्ष्य पूरा किया है। करीब 10 वर्षों बाद संस्थान में यह सफलता मिली है। इस उपलब्धि में संस्थान के प्राचार्य नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन, बेहतर प्रबंधन और निरंतर प्रयासों की अहम भूमिका रही। संस्थान द्वारा विद्यार्थियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण के साथ से अवगत कराने और युवाओं को कौशल विकास से जोड़ने के लिए जागरूकता प्रयास किए गए। शत-प्रतिशत प्रवेश से क्षेत्र के युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्राप्त करने के अवसर मिलेंगे। इससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने में भी मदद मिलेगी।

## रबी फसलों की सिंचाई के लिए 1 नवंबर से नहरों में छोड़ा जाएगा पानी

# 71 प्रतिशत जल पेयजल के लिए आरक्षितय 50 प्रतिशत तक भरे बांधों से मिलेगा एक बार सिंचाई का पानी

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा।

जिले में रबी फसलों की सिंचाई के लिए किसानों को 1 नवंबर से नहरों के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जाएगा। राज्य स्थापना दिवस से नहरों में जल प्रवाह शुरू करने का निर्णय लिया गया है। हालांकि, किसानों को सिंचाई के लिए केवल एक बार पानी दिया जाएगा। जलाशयों में उपलब्ध पानी की स्थिति को देखते हुए सिंचाई के लिए जल वितरण की व्यवस्था की जाएगी। जिले के बांधों में उपलब्ध जल का 71 प्रतिशत हिस्सा पेयजल के लिए आरक्षित रखा गया है, जबकि 50 प्रतिशत तक जलभराव वाले बांधों से किसानों को एक बार सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

गुरुवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में अपर कलेक्टर मीना श्रवण की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें सभापति विधायक सूर्यप्रकाश मीना सहित जनप्रतिनिधियों और संबंधित किसानों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में जिले के जलाशयों में उपलब्ध पानी, सिंचाई परियोजनाओं, नहरों की स्थिति और रबी फसलों के लिए सिंचाई जल उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई।

### पेयजल की जरूरत को प्राथमिकता

बैठक में बताया गया कि जिले के तलाबाजों में उपलब्ध पानी का बड़ा हिस्सा पेयजल की जरूरतों को पूरा करने के लिए सुरक्षित रखा गया है। ऐसे में सिंचाई के लिए पानी देने का निर्णय बांधों में जलस्तर की स्थिति के आधार पर लिया जाएगा। जिन बांधों में 50 प्रतिशत तक पानी उपलब्ध है, वहां से किसानों को एक बार सिंचाई के लिए पानी दिया जाएगा। इससे पेयजल की जरूरतों को सुनिश्चित रखने के साथ खेती के लिए भी उपलब्ध संसाधनों का उपयोग किया जा सकेगा।

### नहरों की सफाई और समान वितरण पर जोर

बैठक में नहरों की साफ-सफाई, कमांड क्षेत्र में जल वितरण और सिंचाई परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि नहरों की सफाई और जल वितरण व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाए, ताकि अंतिम छोर तक के किसानों को भी पानी मिल सके। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि एकत्रित जल का डिजिटलाइजेशन कर अभिलेख अधिकांश किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ दिया जा सकता है।

### जलकर वसूली और पानी के सदुपयोग की अपील

विधायक सूर्यप्रकाश मीना ने जलकर की वसूली में तेजी लाने, विदिशा नगरपालिका को पेयजल पाइपलाइन के माध्यम से पानी उपलब्ध कराने और किसानों को सिंचाई जल का सदुपयोग करने पर जोर दिया। बैठक में समिति के सदस्यों ने भी अपने सुझाव रखे।

जल संसाधन विभाग की कार्यपालन यंत्री किरण बाजोर ने कमांड क्षेत्र के किसानों से अपील की कि वे सिंचाई के लिए उपलब्ध पानी का उपयोग जरूरत के अनुसार और मितव्ययिता से करें, ताकि अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ मिल सके।

बैठक में विदिशा नगरपालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी दुर्गेश ठाकुर, गंजबासौदा के मुख्य नगरपालिका अधिकारी अशोक वर्मा सहित जल संसाधन एवं कृषि विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, गांव में पसरा मातम



डीआर संवाददाता ✉ प्यरिया

प्यरिया-सिरोंज मार्ग पर ग्राम भटोली के पास गुरुवार को तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम बीजपुर निवासी रामस्वरूप सुहाराहा, पिता मालम सिंह कुशवाहा के रूप में हुई है। हादसे की खबर गांव पहुंचते ही शोक का माहौल छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार, रामस्वरूप सुहाराहा गुरुवार को मोटरसाइकिल से किसी काम से जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम भटोली के पास सामने से आ रही पिकअप ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि रामस्वरूप उछलकर सड़क पर दूर जा गिरे। उन्हें गंभीर चोटें आईं और उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

### राहगीरों ने पुलिस को दी सूचना

दुर्घटना के बाद मौके पर राहगीरों और ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर डायल 112 का वाहन मौके पर पहुंचा। पुलिस टीम घायल अवस्था में पड़े रामस्वरूप को शासकीय सिविल अस्पताल सिरोंज लेकर पहुंची, जहां जयूटी डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

अस्पताल से सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया। इसके बाद डॉक्टरों ने शव का पोस्टमार्टम किया और आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया।

### पिकअप जब्त, चालक के खिलाफ केस

पुलिस ने दुर्घटना में शामिल पिकअप को कब्जे में ले लिया है। अज्ञात चालक के खिलाफ तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाकर दुर्घटना करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

## जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में कन्या महाविद्यालय विदिशा की छात्राएं रही विजेता

डीआर संवाददाता ✉ समशबर।



महाविद्यालय के चार खिलाड़ियों का चयन आगामी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी किया गया है जिसके दल के महाविद्यालय लौटने पर प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने सभी विजेता खिलाड़ी छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार अहिरवार एवं दल मैनेजर कु. सोनम साहू को भी इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी।

## घरों के पास श्मशान घाट बनाने का विरोध, एसडीएम ने दिए स्थल चयन के निर्देश

### गौड़खोड़ी विस्थापित कॉलोनी पहुंचे एसडीएम, आबादी से दूर सरकारी जमीन तलाशने के निर्देश से ग्रामीणों

डीआर संवाददाता ✉ कुरवाई।

बीना नदी पर बनी हनुमंत बांध परियोजना से विस्थापित होकर गौड़खेड़ी कॉलोनी में बसे ग्रामीणों ने श्मशानों के नजदीक श्मशान घाट बनाए जाने पर आपत्ति जताई है। ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम गिरीजेश अहिरवार ने कॉलोनी का निरीक्षण कर उनकी समस्याएं सुनीं और आबादी से दूर श्मशान घाट के लिए वैकल्पिक स्थान तलाशने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बुजुर्ग मौजूद रहे। ग्रामीणों ने बताया कि बांध परियोजना के कारण उन्हें अपनी पुश्तैनी जमीन और मकान छोड़ने पड़े थे। पुनर्वास के तहत गौड़खेड़ी कॉलोनी में बसाए जाने के बावजूद यहां पक्की सड़कों और जल निकासी जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी है।

अब घरों के पास श्मशान घाट बनाए जाने की प्रक्रिया से उनकी चिंता बढ़ गई है। उनका कहना है कि इससे बच्चों और बुजुर्गों को परेशानी हो सकती है।

### तहसीलदार को दिए निर्देश

ग्रामीणों की आपत्ति पर एसडीएम ने पठारी तहसीलदार को मौके पर भेजा। तहसीलदार ने कॉलोनी के आसपास स्थल निरीक्षण कर श्मशान घाट के लिए आबादी से दूर सरकारी जमीन चिह्नित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रस्तावित स्थल तक पहुंच मार्ग और उपलब्धता सुनिश्चित करने को भी कहा।

एसडीएम ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि श्मशान घाट के स्थान को लेकर संबंधित परियोजना अधिकारियों से चर्चा की जाएगी। साथ ही कॉलोनी में बिजली, जल निकासी और पहुंच मार्ग जैसी समस्याओं के समाधान के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। ग्रामीणों को अब इन समस्याओं के स्थायी समाधान की उम्मीद है।

## प्रशासन सख्त, दो किसानों पर कार्रवाई

विदिशा। जिले में नरवाई जलाने की सात घटनाएं सामने आने पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। कुरवाई, सिरोंज और नटेरन विकासखंडों में कुषि एवं राजस्व विभाग के दल ने मौके पर पहुंचकर जांच की। कुरवाई और सिरोंज के दो किसानों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक एवं दंडात्मक आदेश जारी किए गए हैं। प्रशासन ने किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान बताए। साथ ही नरवाई से भूसा बनाने और जैविक खाद तैयार करने की समझाइश दी। अधिकारियों ने बताया कि नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरता घटती है, उपयोगी सूक्ष्म जीव नष्ट होते हैं और वायु प्रदूषण बढ़ता है। किसानों को नरवाई से भूसा बनाने, बीजोपचार से जैविक खाद तैयार करने तथा रोटावेटर, सुपर सीडर और हैप्पी सीडर जैसे कृषि यंत्रों से फसल अवशेषों का प्रबंधन करने की सलाह दी गई।

## सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा को लेकर दिग्विजय सिंह से मिले कांग्रेस नेता

### 20 अक्टूबर से उज्जैन से अयोध्या तक निकलेगी यात्रा, ब्रोशर में तैयारियों पर हुई चर्चा

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा।



पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह द्वारा 20 अक्टूबर से उज्जैन से अयोध्या तक निकाली जाने वाली सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा की तैयारियों शुरू हो गई हैं। इसी सिलसिले में विदिशा जिले के कांग्रेस नेताओं ने भोपाल स्थित दिग्विजय सिंह के निवास पर उनसे मुलाकात कर यात्रा की तैयारियों पर चर्चा की।

इस दौरान प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महामंत्री पंकज तैल, कांग्रेस प्रवक्ता सुशील शर्मा, एलोकेट एवं जिला कांग्रेस महिला प्रभारी तेज रश्मि अग्रवाल तोमर और कार्यकर्ता मौजूद रहे। नेताओं ने यात्रा को लेकर चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त किए।

कांग्रेस नेताओं के अनुसार यात्रा का उद्देश्य सनातन परंपरा, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक समरसता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। इसे गैर राजनीतिक यात्रा बताया गया है, जिसमें विभिन्न विचारधाराओं और समुदायों के लोग शामिल हो सकते हैं। पंकज को ब्रोशर जिले के कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उपलब्ध है।

## नरवाई जलाने पर प्रशासन सख्त, दो किसानों पर कार्रवाई

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा।



जिले में खरस अवशेष नरवाई जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर कृषि एवं राजस्व विभाग की टीमों ने कुरवाई, सिरोंज और नटेरन विकासखंडों में खेतों का निरीक्षण किया। इस दौरान नरवाई जलाने की सात घटनाएं सामने आईं, जिनमें दो किसानों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक एवं दंडात्मक कार्रवाई की गई।

प्रशासनिक दल ने कुरवाई विकासखंड के गांव रोहना सितोरिया, दीपपुर और करेई खेरवेड़ी गांवों में चार घटनाएं दर्ज कीं। सिरोंज के रूसलाली गांव में भी नरवाई जलाने के मामले सामने आए। अधिकारियों ने मौके पर निरीक्षण कर पंचनामे तैयार किए और किसानों को नरवाई नहीं जलाने की समझाइश दी।

अधिकारियों ने बताया कि नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरता घटती है, उपयोगी सूक्ष्म जीव नष्ट होते हैं और वायु प्रदूषण बढ़ता है। किसानों को नरवाई से भूसा बनाने, बीजोपचार से जैविक खाद तैयार करने तथा रोटावेटर, सुपर सीडर और हैप्पी सीडर जैसे कृषि यंत्रों से फसल अवशेषों का प्रबंधन करने की सलाह दी गई।

**जागरूकता**

## कन्या छात्रावास में छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण, एनीमिया से बचाव की दी जानकारी

# योग, पोषण, व्यक्तिगत एवं मानसिक स्वास्थ्य और मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा।



शासकीय कन्या छात्रावास इन्दा कॉम्पलेक्स में 13 एवं 14 अक्टूबर को दो दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच करने के साथ उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की मेडिकल ऑफिसर डॉ. एमा शाक्य ने छात्रावास में निवासरत छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। उन्होंने छात्राओं को नियमित योग, शारीरिक गतिविधियों और संतुलित आहार के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योग से शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर रखने के साथ मानसिक एकाग्रता बढ़ाने और तनाव कम करने में भी सहायक मिलती है। इस दौरान छात्राओं की स्वास्थ्य संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।

एनीमिया से बचाव के उपाय बताए

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को एनीमिया के लक्षण, कारण और बचाव के तरीकों की जानकारी दी गई। छरीर में आयरन की कमी से होने वाली इस समस्या से बचने के लिए पौष्टिक एवं संतुलित आहार लेने की सलाह दी गई। साथ ही अंडरन की गोलियों के सेवन के बारे में बताते हुए चिकित्साधिकारी शाक्य ने अनुरोध उनका सेवन करने के लिए प्रेरित किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान छात्राओं के हीमोग्लोबिन स्तर की जांच भी की गई, ताकि आवश्यकता के अनुसार उन्हें उचित परामर्श दिया जा सके।

'मानसिक स्वास्थ्य और मासिक धर्म स्वच्छता पर जो'

उत्तम स्वास्थ्य केंद्र की एकम्सोदाता कीर्ति भार्गव ने छात्राओं को केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य एवं परामर्श सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक बदलावों पर चर्चा करते हुए छात्राओं को अपनी समस्याएं बिना संकोच स्वास्थ्य विशेषज्ञों के सामने रखने के लिए प्रेरित किया।

छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, स्वच्छ सामग्री का उपयोग करने और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को नजरअंदाज नहीं करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाकर उनमें अच्छी आदतों का विकास करना रहा।

## कन्या छात्रावास में छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण, एनीमिया के प्रति किया जागरूक

शासकीय कन्या छात्रावास इन्दा कॉम्पलेक्स में 13 और 14 अक्टूबर को छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की मेडिकल ऑफिसर डॉ. एमा शाक्य ने छात्राओं की जांच कर स्वस्थ जीवनशैली, पोषण, योग और व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व की जानकारी दी।

कार्यक्रम में एनीमिया के लक्षण, बचाव, संतुलित आहार और आयरन की गोलियों के सेवन के बारे में बताया गया। छात्राओं के हीमोग्लोबिन स्तर की जांच कर आवश्यक परामर्श भी दिया गया।

उत्तम स्वास्थ्य केन्द्र की परमकीर्ताता कीर्ति भार्गव ने किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक बदलावों तथा व्यक्तिगत स्वच्छता संबंधी समस्याओं पर मार्गदर्शन दिया। साथ ही मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने और स्वास्थ्य समस्याओं पर नियंत्रण से परामर्श लेने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान छात्रावास अधीक्षक डॉ. सीता अहिरवार सहित प्रतिभा शर्मा, वंदना दांगी और पायल सक्सेना उपस्थित रहीं।

# डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन

आश्विनी शुक्ल पक्ष-06 -2083 राजगढ,दिन शुक्रवार,दिनांक 16 अक्टुबर,2026


**न्यूज गैलरी**

### नवरात्रि पर कवि गोष्ठी, रचनाओं से दिया सामाजिक संदेश

गुना। सार्वजनिक नवरात्रि के अवसर पर आयोजित कवि गोष्ठी की अध्यक्षता परिषद उपाध्यक्ष रामवीर शर्मा ने की। कार्यक्रम में वैदेह उपाध्याय मुख्य अतिथि, डॉ. लक्ष्मीनारायण पुनवार विशेष अतिथि और संजय खरे सारस्वत अतिथि रहे। राजस्थान संदेश दीन दयाल ने किया। इस दौरान सोनकिरण पुत्र राजेंद्र सिंह कुशवह और रतनलाल शर्मा का सम्मान किया गया। सम्मीर शर्मा को जन्मदिन पर अभिनंदन पत्र भेंट किया गया। कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से सामाजिक विसंगतियों, नारी सम्मान, प्रेम और संस्कृतिक मूल्यों को प्रस्तुत किया। कन्या भ्रूण हत्या पर भी चिंता जताई गई।

### नानाखेड़ी टंकी से जुड़े क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित

गुना। नानाखेड़ी स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की पास वाली टंकी पर मुख्य पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से कई क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति प्रभावित रहेगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेश अवस्थी के अनुसार, बीएसएनएल की लाइन विभाग के दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई। इससे नानाखेड़ी, वैभवश्री कॉलोनी, न्यू सिटी कॉलोनी, दलती नगर, दुर्गा कॉलोनी, कोठपुरा और शिवाजी नगर के रहवासियों को परेशानी हो सकती है।

### नरवाई जलाने पर किसान के खिलाफ प्रकरण तैयार

गुना। तहसील सुल्तान से ग्राम लामाखेड़ा में खेत में नरवाई जलती मिलने पर राजस्व और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने किसान केलाश नारायण बैरागी के खिलाफ प्रकरण तैयार किया। कार्यवाई कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल और एसडीएम अभिः सोनी के निर्देश पर की गई। अधिकारियों ने किसानों को नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरता और पर्यावरण को होने वाले नुकसान बताए। साथ ही नरवाई प्रबंधन के उपाय समझाकर जागरूकता पर्चे वितरित किए। किसानों ने भविष्य में नरवाई नहीं जलाने का संकल्प लिया।

### साठा कॉलोनी में घर के सामने से बाइक चोरी

गुना।सार्वजनिक थाना क्षेत्र की साठा कॉलोनी में घर के सामने खड़ी होंडा शाइन मोटरसाइकिल चोरी हो गई। परिवादी अमित चंदेल तिवारी निवासपुर ने पुलिस को बताया कि उन्होंने शाम 7 बजे उदल सिंह मीना के घर के सामने बाइक खड़ी की थी। करीब आधे घंटे बाद लौटने पर बाइक गायब मिली।

## नन्हे बच्चों के गायन ने किया मंत्रमुग्ध, भाव-भंगिमाओं ने मोहा मन

# अंजनीलाल धाम में गायन प्रतियोगिता आयोजित, पांच-छह वर्षीय बच्चों ने भजनों की प्रस्तुतियों से बटोरी सराहना

ईआर संवाददाता 'ब्यावरा

नगर के प्रसिद्ध श्री अंजनीलाल मंदिर धाम में नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर बुधवार शाम नन्हे बच्चों की गीत-गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें पांच-छह वर्ष की उम्र के बालक-बालिकाओं ने अपनी मधुर आवाज, शानदार लय-ताल और भक्तिपूर्ण प्रस्तुतियों से मौजूदा का मन मोह लिया। मंच पर बच्चों का आत्मविश्वास और संगीत के प्रति उत्साह देखकर उपस्थित लोग भी प्रभावित हुए।

श्री अंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न शासकीय और अशासकीय विद्यालयों के 50 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने भक्ति गीतों और भजनों की प्रस्तुतियां देकर अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कई प्रतिभागियों ने गायन के साथ स्वयं बाजा यंत्र बजाकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय भी दिया।



कार्यक्रम के प्रारंभ में संगीत के जानकार एवं सुदर्शन शर्मा, गायक कलाकार रूपम डिंडोरे और राजेंद्र सिंह राठौड़ अतिथि एवं निर्णायक के रूप में मंचासीन हुए। अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्ज्वलित किया। इसके बाद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।

#### बच्ची प्रतिभाओं ने दिखाया आत्मविश्वास

प्रतियोगिता के दौरान जब छोटे-छोटे बच्चे मंच पर पहुंचे और पूरे आत्मविश्वास के साथ सुमधुर भजन प्रस्तुत किए, तो दर्शक उनकी प्रतिभा देखकर आश्चर्यचकित रह गए। बच्चों ने सुर, ताल और भाव-भंगिमाओं से सुंदर समन्वय से प्रस्तुतियों को जीवंत बनाया। देर रात तक चले कार्यक्रम में अभिभावकों और नगरवासियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

#### 'बच्चों को मिले आगे बढ़ने के अवसर

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि बच्चों में संस्कार और गायन की प्रतिभा स्वाभाविक रूप से विकसित होती है। आवश्यकता इस बात की है कि उन्हें सही समय पर प्रोत्साहन और अनुकूल वातावरण मिले। यदि बच्चों की रुचि को पहचानकर उन्हें नियमित अभ्यास और मंच पर प्रस्तुति देने के अवसर दिए जाएं, तो वे भविष्य में बेहतर उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं।

अतिथियों ने बच्चों और उनके अभिभावकों को गायन से जुड़े उपयोगी सुझाव भी दिए। उन्होंने श्री अंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देते हैं और सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ते हैं।

कार्यक्रम में संगीत शिक्षक नरेंद्र सिंह खीची, अदिति उपाध्याय सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। नन्हे प्रतिभागी अर्जन शर्मा का भी मंदिर ट्रस्ट परिवार ने स्वागत किया। प्रतियोगिता में सही संख्या में मनचाही और भव्यों से अभिव्यक्ष उपस्थित रहे। मंदिर ट्रस्ट के अनुसार, चयनित प्रतिभागियों को दिवाली के दिन शाम सात बजे आयोजित कार्यक्रम में प्रमाणित पत्र और पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता में बच्चों की संगीत प्रतिभा को सामने लाने के साथ नवरात्रि महोत्सव के उत्साह को भी बढ़ावा।

## जर्जर बसें बढ़ा रहीं यात्रियों की परेशानी, बंद होने पर लगाना पड़ा धक्का

**40 वर्षों के अनुभव से तैयार की अनूठी कलाकृति, हथकरघा विभाग के अधिकारियों ने की सराहना**

ईआर संवाददाता ■ मुरैना।



शिवपुरी और ग्वालियर की ओर संचालित गाड़ी बसों की खराब हालत से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बीती रात बस स्टैंड से रवाना हुई एक जर्जर बस जब सांस लेने पर अवरुद्ध बंद हो गई। बस को चालू करने की सतुष्टिया व्यवस्था नहीं होने के कारण यात्रियों को नीचे उतरकर धक्का लगाना पड़ा। इसके बावजूद बस चालू नहीं हो सकी।

यात्रियों का आरोप है कि इस मार्ग पर चलने वाली कई बसों में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। रात के समय बसों में पर्याप्त रोशनी नहीं होने से सफर करना मुश्किल हो जाता है। आए दिन बसों के रास्ते में खराब होने से यात्रियों को दूसरी बसों से सफर पूरा करना पड़ता है।

#### ओवरलोडिंग और खराब उपकरणों से परेशानी

यात्रियों के अनुसार, बसों में ओवरलोडिंग और सीटों की कमी के कारण महिलाओं, बच्चों और अन्य यात्रियों को परेशानी होती है। कुछ बसों के इंजन, खिड़कियां, सीटें और टायर भी खराब स्थिति में पाए जा रहे हैं। इसके अलावा प्राथमिक उपचार पेटी और अग्निशामक यंत्र जैसी जरूरी सुरक्षा सुविधाओं की उपलब्धता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों ने परिवहन विभाग, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी और संबंधित पुलिस से शिवपुरी-ग्वालियर मार्ग पर संचालित बसों की तकनीकी जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बसों की स्थिति की जांच की जाए और आवश्यक नियमों का पालन कराया जाए, ताकि यात्रियों को सफर के दौरान परेशानियों का सामना न करना पड़े।

### हथकरघा पर उकेरी मां बिजासन की तस्वीर, बुनकर के हुनर ने किया हैरान

ईआर संवाददाता ■ सारंगपुर।

हथकरघा पर रचा हुनर का एक बेमिसाल कमाल है, जहां धागों के ताने-बाने से देवी-देवताओं की तस्वीरें उकेरना विशेष हुनर का काम है। सारंगपुर के वरिष्ठ बुनकर मोहम्मद रईस अंसारी ने अपनी इसी कला का प्रदर्शन करते हुए कपड़े पर मां बिजासन माता (सेमला माता) की आकर्षक टेपेस्ट्री तैयार की है। उनकी इस कलाकृति की हथकरघा विभाग के अधिकारियों और कला प्रेमियों द्वारा सराहना की जा रही है।

लगभग 55 इंच्स वाइड्थ बुनकर रईस अंसारी पिछले 42 वर्षों से बुनाई के क्षेत्र में लगे हैं। लंबे अनुभव और निरंतर अभ्यास से उन्होंने साधारण हथकरघा पर कपड़े में बारीक डिजाइन और कलाकृतियां तैयार करने में महारत हासिल की है। धागों की गुणवत्ता, रंग-ढांचा और डिजाइन के सटीक तालमेल से बनी मां बिजासन माता की टेपेस्ट्री उनकी कलात्मक दक्षता और वर्षों के अनुभव का उदाहरण है।

### जीरापुर में निकलीं दो चुनरी यात्राएं, माता रानी के जयकारों से गूंजा नगर

ईआर संवाददाता ■ जीरापुर



नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर में श्रद्धा और उल्लास के साथ दो चुनरी यात्राएं निकाली गईं। महिला मंडल एवं शीतला माता मंदिर समिति के तत्वावधान में लगातार दूसरे वर्ष चुनरी यात्रा निकाली गई। यही महाउत्सव यात्रा हुए ने अपनी चौथी विशाल चुनरी यात्रा आयोजित की। दोनों यात्राओं में श्रद्धालु माता रानी के जयकारे लगाते हुए शामिल हुए। महिला मंडल एवं शीतला माता मंदिर समिति की चुनरी यात्रा का शुभारंभ कुशवाह मोहल्ला स्थित मां हिंगलाज मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ विभाजक हलचौलाल रानी और नगर श्रेष्ठि अनंत प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने किया। यात्रा घोषक बाजार, भक्तसार मोहल्ला, शिवमंदिर चौराहा, इदर चौराहा, कुंभाना कलार बाजार और हनुमान फाटी होते हुए माता शीतला मंदिर पहुंची। यहां माता रानी को चुनरी अर्पित कर श्रद्धालुओं ने सुख, शांति, समृद्धि और सबके कल्याण की कामना की। समापन पर महाआरती के बाद प्रसादी वितरित की गई।

### पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान के लिए सम्मेलन आज

ईआर संवाददाता ■ ब्यावरा।

मुख्यमंत्री जन-विषयता अभियान के तहत 16 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सैनिक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, विधवाओं और उनके आश्रितों की समस्याओं पर चर्चा कर राशि समाधान के प्रयास किए जाएंगे। साथ ही नगरपालिका शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दर निम्नानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। सम्मेलन की अध्यक्षता डिविजिनल अफसर नगर (रोपनियुक्त), सेना मेडल एवं सेवानिवृत्त, सहायकनायक सैनिक

#### विपणन अधिकारी पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

राजगढ़। तत्कालीन जिला विपणन अधिकारी बब्बन पटेरी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। बताए जिलाध में लापरवाही, चोटों की भौतिकीय नहीं करने और दर्शित अधिकारियों से निर्देशों की अवहेलना के आरोपों को लेकर उन्हें आरोप-पत्र और कारण बताओ नोटिस जारी कर दिए हैं।

उल्लेखनीय, 8 अक्टूबर को पदभार ग्रहण करने के बाद से ही उनके कार्यशैली को लेकर शिकायतें सामने आ रही थीं। इसके बाद उन्हें मुख्यालय से हटाकर जिला विपणन कार्यालय में संलग्न कर दिया गया था।

### फसल तुलाई में गड़बड़ी पर लाइसेंस निलंबित हुआ

ईआर संवाददाता ■ ब्यावरा

कृषि उपज मंडी ब्यावरा में किसान की फसल का वजन कम होने के मामले में मंडी ने व्यापारी एवं आढ़तिया सुनील खोटिया का लाइसेंस निलंबित कर दिया है। सोमवार को किसान मुकेश पुत्र रामलाल बैरवा अपनी उपज लेकर मंडी पहुंचे थे। उनकी फसल का वजन 15 क्विंटल 60 किलो दर्ज किया गया था, जबकि वास्तविक वजन 16 क्विंटल 80 किलो था। एक क्विंटल उपज कम आने पर किसान ने इसका विरोध किया था। मंडी प्रशासन ने भी शिकायत की गंभीरता को देखते हुए व्यापारी के खिलाफ कार्रवाई की। मंडी सचिव ने बताया कि ये व्यापारी पिछले कई महीनों से तुलाई में गड़बड़ी की शिकायतों के घेरे में था। जांच में भी कई बार तौल में अंतर पाया गया था। इसी आधार पर इसका लाइसेंस निलंबित किया गया है।

### ब्यावरा में डीजे के तेज शोर से रहवासी परेशान, पुलिस से कार्रवाई की मांग

ईआर संवाददाता ■ ब्यावरा।



सुभाष नगर कॉलोनी के पीछे स्थित एसी गार्डन में शादी समारोह के दौरान डीजे की तेज आवाज और तेज बेस से परेशान रहवासियों ने पुलिस से शिकायत की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज शोर के कारण बच्चों, बुजुर्गों और बीमार मरीजों को परेशानी हो रही है। खासकर 60 से 70 वर्ष की उम्र के बुजुर्गों की नींद प्रभावित हो रही है।

रहवासियों ने बताया कि ये एवेंट्स्स पर होने वाले आयोजनों के विरोध में नहीं हैं, लेकिन डीजे की तेज आवाज से घरों में आराम करना और सोना मुश्किल हो गया है। रात के सन्नाटे में यह आवाज करीब 2 किलोमीटर तक सुनाई दे रही है। खासकर 60 से 70 वर्ष की उम्र के बुजुर्गों की नींद प्रभावित हो रही है।

रहवासियों ने बताया कि ये एवेंट्स्स पर होने वाले आयोजनों के विरोध में नहीं हैं, लेकिन डीजे की तेज आवाज से घरों में आराम करना और सोना मुश्किल हो गया है। रात के सन्नाटे में यह आवाज करीब 2 किलोमीटर तक सुनाई दे रही है। खासकर 60 से 70 वर्ष की उम्र के बुजुर्गों की नींद प्रभावित हो रही है।

गुरुवार को रहवासियों ने सिटी थाना प्रभारी विक्रम सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपकर ध्वनि स्तर की जांच कराने और निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने नियमों का उल्लंघन मिलने पर गार्डन संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की।

एसडीओपी प्रकाश शर्मा ने बताया कि शिकायत की जांच की जा रही है। निर्धारित ध्वनि सीमा से अधिक आवाज में डीजे बजाने की पुष्टि होने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**लोकार्पण**

## रॉयल सिटी पार्क में बनेगा टीन शेड, जयप्रकाश नगर में सीसी रोड का लोकार्पण

### 4.23 लाख रुपये की लागत से होगा पार्क में निर्माण, 14 लाख रुपये से बनी सड़क नागरिकों को समर्पित

ईआर संवाददाता ■ सिरिस।



शहर में गुलजार सुविधाओं के विस्तार और विकास कार्यों के तहत रॉयल सिटी के बड़े पार्क में टीन शेड निर्माण का भूमिपूजन किया गया। वहीं, जयप्रकाश नगर में 14 लाख रुपये की लागत से निर्मित सीसी रोड का लोकार्पण कर इसे नागरिकों के उपयोग के लिए समर्पित किया गया। दोनों कार्यों से संबंधित क्षेत्रों के रहवासियों को सुविधाएं मिलने की उम्मीद है।

रॉयल सिटी स्थित बड़े पार्क में 4 लाख 23 हजार रुपये की लागत से टीन शेड का निर्माण कराया जाएगा। इसका भूमिपूजन विधायक सुलेश टंडन और नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राजेश शर्मा ने किया। टीन शेड बनने से पार्क में आने वाले नागरिकों को धूप और बारिश से बचाव की सुविधा मिलेगी। साथ ही सामाजिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन में भी यह उपयोगी साबित होगा।

इसी क्रम में जयप्रकाश नगर में 14 लाख रुपये की लागत से तैयार सीसी रोड का लोकार्पण किया गया। सड़क शुरू होने से स्थानीय रहवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। पक्की सड़क बनने से क्षेत्र में आवाजाही पहले की तुलना में सुगम होगी। इससे स्थानीय नागरिकों को राहगीर के आवागमन में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

#### वार्डों में सुविधाओं के विस्तार पर जोर

नगर पालिका सिरिस द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में लगातार विकास कार्यों के विस्तार और लंबित समस्याओं के समाधान की दिशा में काम किया जा रहा है। इन कार्यों का उद्देश्य कार्यालयों की आवश्यकताओं के अनुसार सुविधाओं का विस्तार करना और शहर के आवागमन मार्ग को मजबूत बनाना है।

दौरान रैली में टीन शेड निर्माण और जयप्रकाश नगर में सड़क का लोकार्पण इसी दिशा में किए गए कार्यों का हिस्सा है। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आगामी दिनों में भी अन्य वार्डों में इसी तरह के कार्य कराए जाएंगे।

## दुर्गा पंडालों का निरीक्षण कर एसपी ने व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आयोजन समिति सदस्यों से शांति, सुरक्षा पर चर्चा की

ईआर संवाददाता ■ सारंगपुर



शहरीय नवरात्रि पर्व के दौरान नगर में शांति, सुरक्षा और अनुपम व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से राजगढ़ पुलिस अधीक्षक अंकित जैनवाल ने गुरुवार रात्रि को सारंगपुर के विभिन्न दुर्गा पंडालों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ नवनीत एसडीओपी, थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी सहित पुलिस टीम मौजूद रही। निरीक्षण के दौरान एसपी जैनवाल ने दुर्गा पंडालों में पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आयोजन समितियों के सदस्यों से चर्चा की।

उन्होंने पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की आवाजाही, पंडालों में जुटने वाली भीड़ तथा सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। साथ ही समिति सदस्यों से आयोजन के दौरान आवश्यक सावधानियां बरतने और पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय बनाए रखने पर चर्चा की।

नवरात्रि के दौरान नगर के विभिन्न दुर्गा पंडालों में माता रानी के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। ऐसे में भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना पुलिस प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण है।

इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। एसपी के निरीक्षण के दौरान पुलिस टीम भी साथ रही। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य नवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराना है, ताकि श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के माता रानी के दर्शन कर सकें और धार्मिक आयोजन सुचारू रूप से संपन्न